बजने लगे जिंगल बेल...जिंगल बेल

सजने लगा क्रिसमस बाजार, सांता ड्रेस व डेकोरेटिव सामग्री से मार्केट में रौनक

अमरावती,प्रतिनिधि, 16 दिसंबर- क्रिसमस को लेकर बाजार सजने लगा है. एक ओर नन्हे-मुन्ने बच्चे क्रिसमस और सेंटा को लेकर उत्साहित दिख रहे हैं वहीं दूसरी ओर बाजार में लगे सेंटा से भी इस पर्व की रौनक में चार चांद लग रहे हैं. बाजार में कई तरह की टोपियां बिक रही हैं. घर की साज-सज्जा के लिए कई तरह के डिजाइनिंग वाले क्रिसमस ट्री बाजार में उपलब्ध हैं. क्रिसमस में अपने घर में स्नोफॉल जैसा लुक देने के लिए बाजार में आईस ट्री भी उपलब्ध हैं. म्यूजिकल क्रिसमस ट्री, म्यूजिकल सांता, जिंगल बेल, रंग-बिरंगी लाइटिंग, कलरफुल स्टार, जिंगल बेल, कलरफुल बॉल, क्रेप रिबन और लड़ियों की कई डिजाइन बाजार में उपलब्ध है.

फोटो - जय स्टूडियो, अमरावती.

क्रिसमस व नववर्ष स्वागत का उत्साह

मोची गली स्थित क्वालिटी स्टेशनरी मार्ट के संचालक राजेश मिरानी ने बताया कि क्रिसमस पर्व वर्ष के अंतिम दिनों में रहने के कारण क्रिसमस व नववर्ष का स्वागत करने के लिए नागरिकों के द्वारा व्यापक तैयारियां की जाती हैं. खुशियां मनाने के लिए विविध सामग्री खरीदी जाती हैं. क्रिसमस पर्व के निमित्त प्रतिष्ठानों में एक फुट ऊंचाई से लेकर 6 फीट ऊंचाई तक क्रिसमस ट्री उपलब्ध हैं. 50 रुपये से लेकर 400 रुपये तक के दामों में यह ट्री उपलब्ध है. इसके अलावा जिंगल बेल, शाइनिंग स्टार, शाइनिंग बॉल, सजावट के चॉकलेट, विविध आकार के गिफ्ट बॉक्स तथा मैरी क्रिसमस अंकित बैनर, विविध प्रकार के स्टीकर, सांता की टोपियां, छोटे बच्चों से लेकर वयस्कों तक के सांता ड्रेसेस उपलब्ध हैं. सांता कैप 10 से 50 रुपये, शायनिंग स्टार 50 से 150 रुपये, स्टीकर 30 से 100 रुपये व बैनर 20 से 50 रुपये तक में उपलब्ध है.

डेकोरेटिव आइटम की भरमार

मोची गली स्थित अमर खिलौना स्टोर के संचालक हरेश मेठानी ने बताया कि क्रिसमस व न्यू ईअर सेलिब्रेशन के लिए सभी प्रकार के डेकोरेटिव आइटम्स की भरमार है. विशेष यह है कि छोटे बच्चों के लिए 200 रु. में सांता ड्रेसेस उपलब्ध है. उसी प्रकार विविध प्रकार के जिंगल बेल, शायनिंग स्टार, सांता टोपियां, पोस्टर्स आदि उपलब्ध हैं. आर्टिफिशल क्रिसमस ट्री खासतौर से उपलब्ध हैं.

10 फुट का क्रिसमस ट्री

गजानन सिजनेबल स्टोर्स के संचालक गजानन आप्पा पतंगराय ने बताया कि क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में इस वर्ष खासतौर से 10 फुट ऊंचा क्रिसमस ट्री ग्राहकों के लिए उपलब्ध है. क्रिसमस बॉल 10 से 50 रुपये, क्रिसमस आकाशदीप 80 से 120 रुपये, सांताक्लॉज मास्क छोटे बच्चों के लिए इस वर्ष खासतौर से उपलब्ध है. 80 से लेकर 150 रुपये तक के दामों में उपलब्ध है. सांता टैडी, सांता टोपी, सांताक्लॉज गिफ्ट बैग, जिंगल बेल अलग-अलग दामों में उपलब्ध है. एक वर्ष तक के आयु तक के बच्चों के लिए सांता ड्रेस व 100 रुपये में सांता दाढ़ी प्रतिष्ठान में उपलब्ध है. सजावट की वस्तुएं भी प्रतिष्ठान में उपलब्ध हैं.

पानी के साथ ही चारे की समस्या

प्रतिनिधी, 16 दिसंबर

यवतमाल - अमरावती संभाग के 28 तहसीलों के 47 मंडलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है. इन तहसीलों में पशुओं के चारे की समस्या पैदा होने से किसान उन्हें बेच रहे हैं. जब आदमियों के पीने के लिए पानी नहीं है तो जानवरों की कौन बात करे. जब उत्पादन ही नहीं हुआ है तो जानवरों के लिए चारा कहां से लाएं, यह सबसे बड़ी समस्या है. इन समस्याओं से दो-चार हो रहे किसान मजबूरी में मवेशियों को बेच रहे हैं. हालांकि अभी केवल 10-20 प्रतिशत ही पशुपालक पशुओं को

पशुधन बचाने के लिए 10 करोड़ की योजना

बेच रहे हैं, लेकिन भविष्य में इनका प्रमाण बढ़ने की आशंका है. अमरावती संभाग के पांच जिलों में 19वें पशुगणना के अनुसार 21 लाख 97 हजार, 992 गोवंश, 4 लाख 68 हजार 396 भैस, 2 लाख 55 हजार 587 भेड़ और 11 लाख 6 हजार 435 बकरी हैं. इस वर्ष कम बारिश कम होने से चारे की समस्या ने गंभीर रूप धारण कर लिया है. इससे बड़ी संख्या में मवेशी बेचे जा रहे हैं. आगामी दिनों में इसमें बढ़ोत्तरी होने की आशंका है.

मका, ज्वार के बीज किसानों को देगी सरकार - सरकार ने चारे की समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 10 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं. इस नीति से किसानों को चारा उपलब्ध कराया जायेगा.

न्यू ऑरेंज सिटी कॉन्वेंट में खेल महोत्सव का शुभारंभ

प्री-प्रायमरी के विद्यार्थियों ने नयनाभिराम ड्रील से उपस्थितों का मन मोहा

संवाददाता, 16 दिसंबर

वरुड़- न्यू ऑरेंज सिटी कॉन्वेंट में गुरुवार को खेल महोत्सव की शानदार शुरूआत हुई. उद्घाटन सेवानिवृत्त सेना अधिकारी और पंचायत समिति के समन्वयक जयप्रकाश गाडगे ने किया. मान्यवरों के हाथों खेल ध्वज फहराया गया. खेल ज्योति प्रज्वलित कर रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये. ठाणेकर और उनकी टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. प्री-प्रायमरी के विद्यार्थियों ने संगीत की ताल पर नयनाभिराम ड्रील प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया. स्वाति गड़ेकर के मार्गदर्शन में बच्चों ने योगासन का प्रात्यक्षिक दिखाया. इस मौके पर अतिथियों के हाथों राज्यस्तर की खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का सत्कार किया गया. समारोह में स्कूल के संचालक मंडल के सदस्य राजेंद्र राजोरिया, सुधाकर ठाकरे, अनिल गुल्हाने, मुख्याध्यापिका माधुरी भोंडे, व्यवस्थापकीय अधिकारी प्रतीक शुक्ला तथा अभिभावक संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे. खेल महोत्सव के लिए क्लस्टर ग्रुप के श्याम कोहले, प्राइड ग्रुप की हर्षाली चरपे, गैलेक्सी ग्रुप के अतुल टोंगसे और यूनिकॉर्न ग्रुप की मेघा वाघ ने प्रमुख के रूप में काम किया, जबकि विद्यार्थी प्रतिनिधि के रूप में प्रथमेश कानूगो, पूर्वजा आंडे, उपप्रतिनिधि के रूप में यश खंडारे और श्रेया दंडाले ने कार्य देखा. प्रास्ताविक भाषण पीयूष जावले, संचालन पवन गणोरकर ने तथा आभार प्रदर्शन पूनम आकोटकर ने किया. महोत्सव की सफलता के लिए खेल शिक्षक रोहन यावले, सुशांत कुकड़े सहित सभी शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अथक प्रयास किये.

बिशप्स् प्रायमरी को 'राष्ट्रीय एक्सलंस अवार्ड'

डॉ. आंबेडकर ग्लोबल फाउंडेशन दिल्ली ने नवाजा

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

अमरावती- बिशप्स् प्री प्रायमरी स्कूल को डॉ. आंबेडकर ग्लोबल फाउंडेशन नई दिल्ली की ओर से शैक्षणिक क्षेत्र में व युवओं हेतु उल्लेखनीय सेवा कार्य करने वाली संस्था को राष्ट्रीय स्तर पर एक्सलंस अवार्ड दिया जाता है. जिसके तहत इस साल बिशप्स् प्रायमरी को उक्त अवार्ड से नवाजा गया. संविधान सम्मान दिवस निमित्त आंध्रा भवन, नई दिल्ली में आयोजित बिशप्स् प्री प्रायमरी स्कूल को एक्लंस अवार्ड व सम्मानपत्र प्रदान किया गया. इस मौके पर सामाजिक न्याय व रोजगार राज्यमंत्री रामदास आठवले, केंद्रीय गृहराज्य मंत्री हंसराज अहीर, डॉ. राजू मेनन, डॉ. के. लिंगा राजू आदि मान्यवर उपस्थित थे.

उल्लेखनीय शैक्षणिक कार्य करने पर प्राप्त उपलब्धि पर स्कूल का सर्वस्तरीय अभिनंदन किया जा रहा है. प्रिंसीपल प्रतिमा डायस ने अभिनंदन करते हुए कहा कि बिशप्स् स्कूल में सभी घटकों के विद्यार्थियों को एकता, समता, बंधुता व देशप्रेम आदि संवैधानिक मूल्यों का जतन करने की शिक्षा दी जाती है. मार्गदर्शक नागपुर के आर्च बिशप एलायस घोंसालविस ने सभी का अभिनंदन करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.

नारायणा विद्यालयम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

प्रथम आनेवाले को प्रवेश में प्रथम प्राथमिकता

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

अमरावती- शिक्षा के क्षेत्र में अल्प समय में गुणवत्ता के आधार पर सुविख्यात बनी नारायणा विद्यालयम यह सीबीएससी पाठ्यक्रम वाली शाला पुराना बायपास रोड, निंभोरा खुर्द में अपनी सभी सुविधाओं से लैस इमारत में शुरू है. शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए प्रथम आनेवाले को प्रथम प्राथमिकता इस तत्व पर स्कूल में नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई है.

विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए नारायणा विद्यालयलम प्रतिबद्ध है. विद्यार्थियों को संपूर्ण सुख-सुविधा उपलब्ध करने वाली यह शहर की गणमान्य शाला है. इस शाला में पाल्यों के सर्वांगीण विकास के लिए उच्च विद्या विभूषित, अनुभवी व समर्पित वृत्ति के शिक्षक हैं. शाला में डिजिटल क्लासरूम सहित इंटरैक्टिव बोर्ड, विविध किताबों की उपलब्धि वाला ग्रंथालय, संगीत, नृत्य, कला, स्पोर्टस रूम, टॉय रूम, कम्प्यूटर रूम सभी प्रकार की सामग्री व उपक्रमों से लैस फिजिक्स, केमेस्ट्री व बायोलॉजी की लैबोरेटरिज हैं. विद्यार्थियों को वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, स्केटिंग, योगा व अन्य कई खेल के लिए विशाल क्रीड़ा मैदान उपलब्ध है. शाला का पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है. विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कॉन्सिलिंग के साथ ही विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कर दी है. इच्छुक पालक अपने पाल्यों के प्रवेश के लिए सीधे शाला के कार्यालय में 0721-2520416, 7507712277 पर संपर्क करें. ऐसी अपील शाला संचालक, प्राचार्य की ओर से की गई है.

जेसीआई वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में जेसी संगीता का सहभाग

हजारों जेसीस की गोवा में उपस्थिति

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

अमरावती- जेसीआई इंडिया की राष्ट्रीय प्रशिक्षिका तथा राठीज् एजूकेशन हब की संचालिका संगीता राठी ने हाल ही गोवा में आयोजित जेसीआई वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में सहभाग दर्शाया. बता दे कि जेसीआई गोवा द्वारा कई सालों के बाद जेसीआई का वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस भारत में आयोजित की गई थी. जिसमें शहर की जेसी संगीता राठी ने उपस्थिति दर्शाई. संगीता राठी जेसीआई अमरावती अरोमा तथा स्वयंसिद्धा माहेश्वरी महिला मंडल की पूर्वाध्यक्षा है. जेसीस के प्रति उनकी अपार श्रद्धा है. गोवा में आयोजित पांच दिवसीय वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कई इंटरनेशनल ट्रेनर प्रशिक्षक तथा उद्योजकों के प्रशिक्षण में सहभाग लिया.कॉन्फ्रेंस में विश्व प्रसिद्ध वक्ता गौरगोपाल दास का 'एन्गेज पॉवर टॉक' में अपने अनोखे अंदाज में उन्होंने हजारों श्रोताओं का मनमोहा. साथ ही अपनी 'लाईफस् अमेजिंग

सिक्रेट' किताब का विमोचन भी किया. अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्यामल वल्लभ तथा प्रकाश आयर ने अपनी आकर्षक शैली में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और नार्वे की जेसी अनिका हेडस्टॉर्म द्वारा इफेक्टिव कम्युनिकेशन पर विशेष प्रशिक्षण दिया. जिसमें संगीता राठी ने सहभाग दर्शाते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की. पश्चात ट्रेनर ने उनको भेंटवस्तु देकर पुरस्कृत किया. अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक डेल कॉर्नेजी द्वारा एक्शन ओरीएंटेट लिडरशीप प्रशिक्षण में कम्युनिटीकेट टू लिड पर विशेष मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम दौरान समूचे विश्व से सबसे युवा 10 उद्योजकों द्वारा अपनी सफलता की उड़ान में आनेवाली मुश्किलें और उनकर किस तरह जीत हासिल की यह सक्सेस स्टोरीज् सुनाई. संगीता राठी ने उनसे सवाल पूछे ओर अपने सवालों का समाधानकारक जवाब हासिल कर बिजनैस के गुर सीखे. ग्लोबल वीलेज में दुनिया भर से हर देश की जेसीआई टीम ने अपने-अपने संस्कृति का प्रदर्शन किया. सभी को भेंट वस्तु देकर

सम्मानित किया गया. भारत, बांग्लादेश, कोरिया, नार्वे, इंग्लैड, अमेरिका, जापान, सिरीया, स्विजरलैंड, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्विडन, तायवान, चीन, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, जिम्बॉम्बे, निगार, फ्रांस, रशिया आदि देशों की वेशभूषा में सचमुच विश्व एकता का प्रतिक लग रहा था. अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन भारत नाईट के दौरान सभी राज्यों द्वारा अपने राज्य की खास लजीज, जायकेदार व्यंजन खिलाएं गए. जेसीआई के अचंल 13 द्वारा महाराष्ट्र नाईट का आयोजन किया गया. जिसमें विट्ठल मूर्ति के साथ रंगोली, पुरनपोली तथा केशरी दुप्पटा ओढ़ाकर 'पेड़ लागाओ-पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया गया. इसमें भी नाशिक टीम के साथ जेसी संगीता ने सक्रीय सहभाग दर्शाया. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जापान नाईट तथा ग्रैंड ओपनिंग एंड क्लोसिंग सेरेमनी की भव्यता को देखकर सभी ने गोवा जेसीस को बहुत सराहा. पणजी के ग्रैंड हयाट में जेसीआई के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष 201 जेसी मार्क ब्रायनलिम द्वारा नवनिर्वाचित जेसीआई अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष 2019 जेसी एलेक्जेंडर टीओ और उनकी समुची टीम को शपथ दिलाई.

पश्चात जनरल एसेम्बिली का कार्य अंतर्राष्ट्रीय तरीके से कैसे चलता है तथा चुनाव कैसे होते है, यह सारी बातें स्वयं अनुभूत करके संगीता राठी इसे अपनी जिदंगी का सर्वोच्च मौका मानती है. वहां जो कुछ सीखा वह अपने जेसीआई परिवार में अपने ज्ञान तथा अनुभव को बांटकर समाधान महसूस करती है. इस मुकाम तक पहुंचने में उन्हें पति प्रा. सीताराम राठी से प्रेरणा मिली. भारतीय जेसीस के अध्यक्ष अर्पित हाथी, अचंल 13 के अचंल अध्यक्ष प्रमोद वाघ, उपाध्यक्ष मेघनाथ जानी, जेसीआई फाउंडेशन के नरेंद्र बरडिया, पूर्वाध्यक्षा प्रभा झंवर आदि ने हर पल मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती है. उनके साथ अमरावती से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चांडक, प्रा. सीताराम राठी, उन्नति ओर उत्कर्ष राठी उपस्थित थे.

आपने बहुमूल्य प्लॉट, जमीन, भवन को अतिक्रमण से बचाके तुरंत प्रिकास्ट बाउन्ड्रीवॉल करके सुरक्षित करे
स्कूल-कॉलेज, हॉस्पिटल, इंडस्ट्रीज, फार्महाऊस, रिसोर्ट, लॉन्स, होटल, गार्डन के लिये उपयुक्त है!
समय पैसा तथा जगाह की बचत
An ISO 9001-2008 Certificated Company
त्रिरंगा प्रिकास्ट
रेडीमेड बाउन्ड्रीवॉल
Village Dabha, Badnera - Yavatmal Road, Amravati.
Mob.: 7028254127, 9408253012

त्यौहारो के इस दौर में लाए डिज़ाइनर वुडन मंदिर!
THE MANDIR STORE
0721 2552452
करवा फर्निचर, शॉप नं. ११/१२, करवा आर्केड, खापर्डे गार्डन, अमरावती.

Kitchen Concepts
One of the Biggest Modular kitchen showroom in Amravati
Dream Design Delivers
Perfect Solution for every space
1) Modular Kitchen 2) Bedroom set 3) Office Partition 4) Chimney 5) Water Purifier
HDFC BANK
Loan Available on Easy EMI
Address : Prashant Nagar, Near Miser Hospital Amravati
Datta Pundkar Mob: 9975213764, 9373234101

SAMSUNG
UPSIZE NOW
दुनिया का नं 1 टि.वी. ब्रांड
2 वर्ष की मुफ्त वॉरंटी
25% तक इंस्टैंट कैश बैक | 10% तक अतिरिक्त कैश बैक
पूनम | SAMSUNG SMART PLAZA
मोतीनगर - अमरावती Ph - 0721-2590399

Salwar Suit & Dress Materials
एम अमृतलाल
होलसेल वस्त्र विक्रेता
(गल्ली मे) ग्राऊंड फ्लोअर, तखतमल इस्टेट, अमरावती
Ph: 2576633
अमरावती मे सलवार सुट के पितामह...